दिनांक : 31.12.2024 समय : 07.10 pm

मुख्य समाचार :–

- दुनिया भर में लोग 2024 को विदाई देकर नव वर्ष का कर रहे हैं स्वागत, प्रदेश में भी जश्न का माहौल ।
- भोपाल में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में जमा 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा नष्ट करने की कवायद तेज।
- देशभर में अब तक छह सौ 14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोई जा चुकी हैं रबी की फसलें ।
- प्रदेश में शीत लहर के साथ होगी नए साल की शुरुआत,कई जिलों में अत्यधिक ठंड और कोहरे की सम्भावना ।

**नववर्ष-समारोह**

दुनिया भर में लोग वर्ष 2024 को विदाई दे रहे हैं और नव वर्ष 2025 का स्वागत कर रहे हैं। सबसे पहले न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में नए साल का जश्न मनाया गया ।

राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के लोग नव वर्ष 2025 का स्वागत करने के लिए तैयार हैं. बाजारों में आकर्षक साजसज्जा की गयी है और सड़कों पर अभी से भीड़ उमड़ने लगी है। भोपाल पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी ने कहा कि पुलिस द्वारा राजधानी में नये साल के जश्न को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किये हैं ।

नए साल में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन के लिए करीब 1 लाख श्रद्धालुओं के यहाँ पहुंचने की संभावना है। जिसके लिए मंदिर ट्रस्ट एवं प्रशासन की ओर से पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई है। खंडवा जिले के ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट द्वारा नए साल में दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दो मार्गो से प्रवेश की व्यवस्था की गई है । सतना जिले में महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू मुकुंदपुर में पर्यटकों की सुविधा के लिए समस्त प्रबंध किये गये है।

साप्ताहिक अवकाश के बाद भी कल नये वर्ष में पर्यटकों की सुविधाओं के लिए जू भ्रमण खोला जायेगा। उधर, मैहर आने वाले मां शारदा देवी के दर्शन लाभ के लिए देश के कोने कोने में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं. यहाँ सुरक्षा व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है ।

**यूनियन कार्बाइड कचरा**

भोपाल में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में जमा 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा नष्ट करने के लिए अब पीथमपुर के लिए भेजा जा रहा है। इसके लिए भोपाल से पीथमपुर के बीच 250 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा. फिलहाल कचरे को कंटेनरों में भरा जा रहा हैं। यूनियन कार्बाइड से जहरीला कचरा ले जाने की प्रक्रिया रविवार दोपहर से शुरू हुई थी। पूरी प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी भी की जा रही है। भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के संचालक स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि इस कचरे के परिवहन में सभी तरह की सावधानियों का पालन किया जा रहा है.

पुलिस कमिश्नर हरीनारायणचारी मिश्र ने बताया कि इस कचरा परिवहन में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

वहीं, कचरे को पीथमपुर में जलाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी हो रहे हैं। स्थानीय लोग और कई संगठनों ने इसे लेकर प्रदर्शन की चेतावनी दी है। यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा जलाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गयी है।

**विवाद से विश्वास योजना**

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड-सीबीडीटी ने विवाद से विश्वास योजना की समय सीमा आज से बढ़ाकर अगले वर्ष 31 जनवरी तक कर दी है। इससे करदाताओं को योजना में निर्दिष्ट देय राशि निर्धारित करने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। बजट में घोषित योजना का उद्देश्य करदाताओं को आयकर विभाग के साथ विवादों को सुलझाने में मदद करना है। इससे

करदाताओं को एक निर्दिष्ट प्रतिशत के साथ विवादित राशि का भुगतान करके अपनी बकाया कर देनदारियों का निपटान करने में मदद मिलेगी।

**बैंक - जीएनपीए**

भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार, भारत के बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है और उनकी सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ- जीएनपीए सितंबर 2024 में कुल अग्रिम के 2 दशमलव छह प्रतिशत तक कम हो गई है। यह पिछले 12 वर्षों में सबसे कम है। इस अवधि के दौरान शुद्ध एनपीए अनुपात लगभग शून्य दशमलव छह प्रतिशत रहा है। पिछले दो वर्षों में बैंकों के जीएनपीए में बड़े कर्जदारों की हिस्सेदारी में लगातार गिरावट आई है।

**रबी फसल**

देशभर में अब तक छह सौ 14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में रबी की फसलें बोई जा चुकी हैं। कृषि मंत्रालय के अनुसार 319 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेंहू की बुवाई की गई है जबकि पिछले साल 313 लाख हैक्टेयर में बुवाई की गई थी। एक सौ 36 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में दालों की खेती की गई है जबकि 48 लाख 55 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मोटा अनाज बोया गया है। 96 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में तिलहन की भी बुवाई की गई है।

**छिंदवाडा सड़क सुरक्षा**

छिन्दवाड़ा में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा. दरअसल जिले में हेलमेट का उपयोग न करने पर सड़क दुर्घटनाओं में दो पहिया वाहन चालकों की हो रही मृत्यु की घटनाओं में गहन चिंता व्यक्त करते हुए हेलमेट को अनिवार्य करने का निर्णय किया गया। बिना हेलमेट चालकों पर पुनः सख्ती से चालानी कार्यवाही की जाएगी । सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश जारी किए जा रहे हैं कि बिना हेलमेट चालकों को पेट्रोल न दिया जाए।

**मौसम**

प्रदेश के कई जिलों में अब अत्यधिक ठंड और कोहरे की सम्भावना है। नए साल की शुरुआत कोल्ड वेव के साथ होगी। मौसम विभाग का

पूर्वानुमान है कि जनवरी के पहले हफ्ते में एक बार फिर ठंड कई रिकॉर्ड तोड़ सकती है। नए साल के पहले दिन से ही इसका असर देखने को मिलेगा। वैसे, आज से ही प्रदेश के अधिकांश जिलों में ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं अगले सात दिनों तक रात के तापमान में लगातार गिरावट आने की संभावना है। भोपाल मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अनुज शर्मा के मुताबिक उत्तर भारत में पहाड़ों पर जबरदस्त बर्फबारी हो रही है, जिसका सीधा असर प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है।

**समाचार संक्षेप**

- शिवपुरी जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अभियान के अंतर्गत समस्त विकासखण्डों में निवासरत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविरों का आयोजन 3 जनवरी से 10 जनवरी तक किया जाएगा।
- नीमच जिले की बैंक शाखाओं का कारोबार का समय एक जनवरी प्रात:10 बजे से शाम 4 बजे रहेगा।
- सीहोर जिले में राजस्व अधिकारियों ने इस वित्तीय वर्ष में अभी तक सात करोड़ रूपए की राजस्व वसूली की गई।
- शहडोल जिले में विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने और बकाया बिल की वसूली के लिए लगातार बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। इस महीने बिजली विभाग की अलग–अलग टीमों ने 200 से अधिक बिजली कनेक्शन काटे हैं।
- नर्मदापुरम जिले के केसला विकासखंड के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य ग्राम मोर पानी में आयोजित मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर में शामिल हुए संभाग आयुक्त केजी तिवारी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।
- मैहर सब जेल में आज विधिक सहायता शिविर के आयोजन के दौरान नयायाधीश ने जेल का भ्रमण एवं निरीक्षण कर बंदियों से प्रकरणों संबंधी जानकारी ली गई

- जबलपुर एसटीएफ टीम ने फर्जी दस्तावेजों से वाहन फाइनेंस कराने वाले गिरोह के सरगना समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 25 लाख रुपये कीमत की 21 टू-व्हीलर गाड़ियां बरामद की हैं। और
- खरगोन जिले के बिस्टान थाना क्षेत्र में दो दुपहिया वाहनों की आमने-सामने हुई टक्कर में 5 लोगों की मृत्यु हो गयी ।

## अंत में मुख्य समाचार

- दुनिया भर में लोग 2024 को विदाई देकर नव वर्ष का कर रहे हैं स्वागत, प्रदेश में भी जश्न का माहौल ।
- भोपाल में यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में जमा 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा नष्ट करने की कवायद तेज।
- देशभर में अब तक छह सौ 14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोई जा चुकी हैं रबी की फसलें ।
- प्रदेश में शीत लहर के साथ होगी नए साल की शुरुआत,कई जिलों में अत्यधिक ठंड और कोहरे की सम्भावना ।

-------------------